**Seventeenth Loksabha**

an>

Title : Regarding Pradhan Mantri Fasal Bima Yojna

**श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती):** सभापति महोदय, धन्यवाद ।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना – यह जो योजना केन्द्र सरकार किसानों के लिए लाई है, इसके बारे में जब हम किसानों से डायरेक्टली बात करते हैं तो मेजॉरिटी प्राब्लम्स ही उसमें सामने आती हैं। एक तो जहां नुकसान हुआ है, उसकी फोटो क्लिक करके 72 ऑवर्स में पहले कंपनियों को भेजिए। जहां इंटरनेट चलता है, हमें कनेक्शन मिलता है, वहां से तो फोटो भेज दिए जाते हैं, लेकिन आप एक जगह बोलते हैं कि घर को इसलिए कैंसिल किया जाता है, क्योंकि उनके पास एंड्रॉयड फोन है। किसान अगर एंड्रॉयड फोन या स्मार्ट फोन चलाता है और उसके बाद भी अगर कनेक्शन नहीं मिलता है तो 72 घण्टे में जाकर वह अपनी फसल की फोटो नहीं भेज पाता है, कंपनियों तक नहीं पहुंच पाता है। सर, यह बहुत इम्पोर्टेंट विषय है, क्योंकि यह किसानों का मुद्दा है। जहां हमारी सरकार उन्हें बहुत मदद करना चाहती है, इसलिए इस योजना का लाभ डायरेक्टली उनको पहुंचना चाहिए। लेकिन इसमें इतनी त्रुटियां हैं कि उन्हें सॉल्व करना जरूरी है। डायरेक्टली उसका बेनिफिट कंपनियों को हो रहा है, किसानों को नहीं हो रहा है। अगर किसान 50 हजार रुपये, एक लाख रुपये या डेढ़ लाख रुपये भरते हैं तो उसके रिटर्न में उनको शून्य पैसे मिल रहे हैं।

इसके लिए इस पर डिसकशन करके, इसकी त्रुटियों को दूर करना बहुत जरूरी है। माननीय कृषि मंत्री जी यहां बैठे हैं। मैं विनती करूंगी कि जहां पर हम सभी को फायदा पहुंचाने की बात कर रहे हैं, किसानों को इस योजना में लाभ नहीं हो रहा है, बल्कि उनका सीधा नुकसान हो रहा है। पैसे देने के बाद कंपनियों को डबल मुनाफा होता है और हमारे किसानों को ज़ीरो लाभ होता है। मैं आपसे विनती करूंगी कि इसके ऊपर ध्यान दिया जाए और किसानों की परेशानियों को सॉल्व किया जाए।